माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

केन्द्रीय छात्रवृत्ति फ्रेश वर्ष 2019 व वर्ष 2015 से 2018 तक के नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली की केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना 2019 के लिए ऑनलाईन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। राजस्थान बोर्ड द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक परीक्षा 2019 में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय से परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज/विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन कर रहे विद्यार्थी, जो Top 20 पर्सेंटाइल की श्रेणी में आते हैं, आवेदन के लिए पात्र हैं। पात्र विद्यार्थियों की विभिन्न कैटेगरी के कट ऑफ प्राप्तांकों की सूची बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। पात्र विद्यार्थियों को मानव संसाधन विकास मंत्रालय, नई दिल्ली की वेबसाइट www.scholarships.gov.in (National e-Scholarship Portal) पर छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा। Top 20 पर्सेंटाइल की गणना राजस्थान बोर्ड द्वारा जारी संवीक्षा पूर्व के परिणाम पर आधारित है। सभी दिव्यांग विद्यार्थी भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना ही चयन का आधार नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों का चयन मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्धारित मापदंड अनुसार होगा।

केन्द्रीय छात्रवृत्ति 2018 के लिए चयनित विद्यार्थी प्रथम नवीनीकरण, 2017 के लिए चयनित विद्यार्थी द्वितीय नवीनीकरण, 2016 के लिए चयनित विद्यार्थी तृतीय नवीनीकरण व 2015 के लिए चयनित विद्यार्थी चतुर्थ नवीनीकरण हेतु उपरोक्त पोर्टल पर आवेदन करें। उक्त नवीनीकरणों के आवेदन हेतु विद्यार्थी अध्ययनरत पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो या समकक्ष ग्रेड के साथ उत्तीर्ण हो अथवा यदि सेमेस्टर प्रणाली है तो दोनों सेमेस्टर में औसत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो। साथ ही आवेदक की उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत हो, विद्यार्थी अनुशासित हो एवं रैगिंग गतिविधियों में संलिप्त नहीं हो, आवेदन के पात्र हैं।

आवेदन की अंतिम दिनांक 31.10.2019 (रात्रि 12:00 बजे से पूर्व तक) है। ऑनलाईन आवेदन संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु हैल्पलाइन नं. 0120-6619540 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नोट:- छात्रवृत्ति के नवीनीकरण हेतु न्यूनतम 50% का मापदंड **MHRD** द्वारा शैक्षिक सत्र 2018-19 से ही शुरू किया गया है।

सचिव

Scanned with CamScanner